जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2012/2042 दिनांक : 22.11.2012

प्रति,

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर म0प्र0

विषयः–स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2012 की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल अनिवार्य रूप से परीक्षा सम्पन्न होने के 5 दिवस के भीतर विश्वविद्यालय स्ट्रांग रूम में पहुॅचाने बावत् आवश्यक निर्देश।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्रों से डाक विभाग के माध्यम से उत्तरपुस्तिकाओं के संग्रहण की व्यवस्था की गई है। यदि डाक विभाग द्वारा यह शिकायत की जाती है कि आपके महाविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल उन्हें प्रदान नहीं किये गये है तो आपके महाविद्यालय के विरूद्ध परीक्षा अत्यावश्यक अधिनियम के अर्न्तगत आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

इसके अतिरिक्त यदि आपके परीक्षा केन्द्र से उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल डाक विभाग द्वारा परीक्षा सम्पन्न होने के 5 दिवस के भीतर संग्रहीत नहीं किये जाते है, तो आप अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय के कर्मचारी के द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल विश्वविद्यालय स्ट्रांग रूम में पहुचाने की व्यवस्था करें।

आप यह भी सुनिश्चित करें की किसी भी दशा में उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल 5 दिन से अधिक अवधि तक परीक्षा केन्द्र पर न रहें। इसमें यदि कोई लापरवाही होती है तो परीक्षा अत्यआवश्यक अधिनियम के अर्न्तगत संबंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

आशा है परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान आयुक्त, (उच्च शिक्षा) सतपुडा भवन,भोपाल
2. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा ग्वालियर एवं चंबल संभाग मोतीमहल परिसर ग्वालियर।
3. कुलपतिजी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर
4. कुलसचिव के निजी सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)